राजस्थान सरकार
निदेशालय, कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर
(दूरभाष नं.:-0141-2740837, फैक्स 0141-2742309, ई मेल:-jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक:-प.(ई)निप/(लिंक नंबर-12452\2013)/अलेसे-III/ 265        दिनांक:- 16-02-2023

आदेश संख्या 685/2022-23

विभागीय आदेश संख्या 105/2017-18 दिनांक 06.07.2017 द्वारा विनीता पारीक, (मेरिट नंबर-1341/2013) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्ति दी जाकर पदस्थापन कार्यालय उपकोषाधिकारी रतनगढ (चुरू) में किया गया था, जिसकी अनुपालना में विनीता पारीक द्वारा दिनांक 07.07.2017 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया था। राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (ABST) भर्ती परीक्षा 2020 में सहायक आचार्य (ABST) के पद पर चयन होने के उपरान्त आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक 37 दिनांक 07.02.2023 द्वारा विनीता पारीक का पदस्थापन राजकीय लोहिया महाविधालय, चूरू में सहायक आचार्य (ABST) के पद पर किए जाने पर विनीता पारीक द्वारा उपकोषाधिकारी रतनगढ (चुरू) के पत्रांक 254 दिनांक 08.02.2023 के माध्यम से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-II पद से कार्यमुक्त होने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित साक्षात्कार एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विनीता पारीक को विभागीय पत्रांक 362 दिनांक 30.05.2022 के द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया जा चुका है। अब विनीता पारीक को सहायक आचार्य (ABST) के पद पर चयन होने पर नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करने हेतु सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-II के पद से कार्यमुक्त करने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। विनीता पारीक नियमानुसार वर्तमान पदस्थापित कार्यालय से कार्यमुक्त होने के पश्चात ही नवीन पदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण कर सकेंगें। **विनीता पारीक का सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-II पद पर नियमानुसार पदाधिकार रहेगा।**

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
सयुंक्त शासन सचिव

क्रमांक:-प.(ई)निप/(लिंक नंबर-12452\2013)/अलेसे-III/ 265        दिनांक:- 16-02-2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. संयुक्त शासन सचिव,वित्त **(राजस्व)** विभाग,शासन सचिवालय,जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. उपकोषाधिकारी रतनगढ (चुरू)।
4. उपनिदेशक **(एसीपी)** को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. उप विधि परामर्शी कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक।
7. पदस्थापन कार्मिक **(कार्मिक-II, III)** को ईकजाई रिकार्ड सधारण हेतु।
8. **विनीता पारीक**, कार्यालय उपकोषाधिकारी रतनगढ (चुरू)
9. प्रभारी वरिष्ठता सूची, एसीआर शाखा।
10. रक्षित पंजिका।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक-II,III)

2023 /LETTER 16/ rakesh ji